# गंडक तट पर कटाव निरोधक कार्य का सीएम ने जाना हाल

**जागरण संवाददाता, हाजीपुर (वैशाली)** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को वैशाली जिले के लालगंज प्रखंड अंतर्गत बलहा बसंता में गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गंडक नदी की दूसरी ओर गाद जमा होने के कारण नदी की चौड़ाई कम होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नदी की चौड़ाई एवं गहराई को बढ़ाने के लिए नदी के दूसरे छोर पर गाद हटाने का कार्य कराएं, ताकि नदी की चौड़ाई बढ़े और कटाव नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी के दूसरे छोर की चौड़ाई और गहराई को और बढ़ाएं, इससे तटबंध पर जल प्रवाह का दबाव कम होगा और तटबंध सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान आसपास के गांवों के लोगों को सजग एवं जागरूक रखें। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

**वैशाली जिले के लालगंज में बलहा बसंता पहुंचे नीतीश कुमार, गंडक नदी के पश्चिमी छोर पर गाद हटाने का अधिकारियों को निर्देश**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली जिले के बलहा बसंता में कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन मंत्री संजय झा भी मौजूद रहे। • जागरण